## भाग-2 (16M) (Q.NO.S 8,9,10,11)

### प्रश्न संख्या : 8 – अ/ आ (दोहे) 4M

**अ) दोहे की पूर्ति कीजिए।**

**अ) कहि रहीम_________________ साँचे मीत ॥**

कहि रहीम संपति सगे, बनत बहुत बहु रीत।
बिपति कसौटी जे कसे, तेई साँचे मीत॥

**आ) रहिमन पानी________________ मानुष चून ॥**

रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून।
पानी गये न ऊबरै, मोती मानुष चून॥

**इ) कनक-कनक________________ पाए बौराइ ॥**

कनक-कनक तैं सौ गुनी, मादकता अधिकाइ।
उहि खाए बौराइ जग, इहिं पाए बौराइ॥

**ई) नर की अरु_____________ ऊँचौ होइ ।**

नर की अरु नल नीर की, गति एकै कर जोइ।
जेतौ नीचौ ह्वै चलै, तेतौ ऊँचौ होइ॥

### प्रश्न संख्या : 9 - अ, आ (गद्य भाग के पहले छः पाठों के प्रश्न) 4M

**9.निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखिए। 4 M**

**ईदगाह**

उ- यह प्रश्न "ईदगाह" पाठ से दिया गया है।

| | |
|---|---|
| पाठ का नाम | : ईदगाह |
| लेखक | : प्रेमचंद जी |
| जन्म | : 1880-1936 |
| प्रमुख रचनाएँ | : 12 उपन्यास, गोदान, गबन, निर्मला |
| उपाधि | : उपन्यास सम्राट |

★ हामिद 4-5 साल का लड़का था। दादी अमीना के पास रहता था।

★ ईद के दिन मित्रों से मिलकर ईदगाह जाता था ।

★ सभी बच्चे मिठाइयाँ और खिलौने खरीदते थे।

★ लेकिन हामिद ने अपनी दादी के लिए चिमटा खरीदा।

★ क्योंकि रोटियाँ सेंकते समय दादी की उँगलियाँ जल जाती थीं।

★ चिमटा देखकर अमीना का मन गदगद हो गया और उसकी आँखों से आँसू बहने लगे।

★यदि मैं हामिद के स्थान पर होता तो मैं भी अपनी दादी के लिए चिमटा ही खरीदता, क्योंकि इससे उनकी उँगलियाँ जलने से बच जातीं और उन्हें सुविधा होती।

**"लोकगीत"**

उ- यह प्रश्न "लोकगीत" पाठ से दिया गया है।

| | |
|---|---|
| पाठ का नाम | : लोकगीत |
| लेखक | : भगवतशरण उपाध्याय जी |

HAMARI HINDI

जीवनकाल : 1910-1982
रचनाएँ :कालिदास का भारत, गंगा गोदावरी

★ लोकगीत सीधे जनता का संगीत है, इनके रचनेवाले गाँव के स्त्री-पुरुष होते हैं।

★ ये ढोलक, झाँझ, करताल, बाँसुरी आदि वाद्य-यंत्रों की सहायता से गाए जाते हैं।

★ लोकगीत ताजगी और लोकप्रियता में शास्त्रीय संगीत से भिन्न होते हैं, इसलिए लोकगीत और संगीत का घनिष्ठ संबंध है।

★ बारहमासा (उत्तर प्रदेश), बिदेसिया (भोजपुरी), माहिया (पंजाबी), ढोला-मारू (राजस्थान), बाउल (बंगाल) आदि प्रसिद्ध लोकगीत हैं।

★ भोजपुरी क्षेत्र में लगभग तीस-चालीस वर्षों से बिदेसिया लोकगीत का प्रचार हुआ है।

★ बिदेसिया गीतों में परदेशी प्रेमी की याद, करुणा तथा विरह रस अधिक पाया जाता है और यह बहुत लोकप्रिय है।

★ लोकगीत स्वच्छ जीवन के प्रतीक हैं।

## "अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी"

उ- यह प्रश्न "अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी" पाठ से दिया गया है।
यह एक पत्र है, जिसमें हिंदी भाषा की महानता का वर्णन किया गया है।

★ हिंदी भारत की सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने वाली प्रमुख भाषा है।

★ भारत को आज़ादी दिलाने में हिंदी भाषा का विशेष योगदान रहा है।

★ हिंदी भारतीयों को एकता के सूत्र में बाँधती है, इसलिए यह अनेकता में एकता का प्रतीक है।

★ महात्मा गाँधी जी ने भी हिंदी भाषा का समर्थन किया था।

★ हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस तथा 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाये जाते हैं।

★ मनोरंजन की दुनिया में भी हिंदी का महत्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि फिल्में, गीत, नाटक और मीडिया के माध्यम से हिंदी जन-जन तक पहुँचती है और देशभक्ति व एकता को बढ़ाती है।

## प्रश्न संख्या : 10 - अ, आ (गद्य भाग के अंतिम छः पाठों के प्रश्न) 4M

**10.निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखिए।** 4M

## स्वराज्य की नींव

उ- यह प्रश्न "स्वराज्य की नींव" पाठ से दिया गया है।
पाठ का नाम :स्वराज्य की नींव
एकांकीकार :विष्णु प्रभाकर जी
जन्म :1912-2009
रचनाएँ :आवारा मसीहा आदि
पुरस्कार :पद्म भूषण, सोवियत लैंड नेहरू

★ विष्णु प्रभाकर जी हिंदी के प्रमुख लेखक हैं।

★स्वराज्य की नींव का पत्थर बनने का अर्थ है कि सेवा, तपस्या बलिदान आदि गुण अपनाकर संघर्ष करना।

★आवश्यकता पड़ने पर शहीद बनने को भी तैयार रहे।

★रानी लक्ष्मीबाई झाँसी की वीरांगना रानी थीं।

★उनका कथन "मैं अपनी झाँसी नहीं दूँगी" मुझे बहुत अच्छा लगा, क्योंकि यह उनके साहस, देशभक्ति और आत्मसम्मान को दर्शाता है।

## दक्षिणी गंगा गोदावरी

उ -यह प्रश्न "दक्षिणी गंगा गोदावरी" पाठ से दिया गया है।

| | |
|---|---|
| पाठ का नाम | : दक्षिणी गंगा गोदावरी |
| लेखक | : काका कालेलकर जी |
| जीवनकाल | : 1885-1991 |
| रचनाएँ | : सप्त सरिता आदि |
| विशेष | : राज्यसभा के सदस्य |

★ इस पाठ में गोदावरी नदी की महानता के बारे में बताया गया है।

★ इसके विशाल जल राशि से लाखों एकड़ भूमि की सिंचाई होती है, इसलिए इसे धीर-गंभीर माता की संज्ञा दी गई है।

★ गोदावरी नदी के टापू प्रसिद्ध हैं। कई तो पुराने धर्म की तरह जहाँ के तहाँ स्थिर रूप होकर जमे हुए हैं।

★ इनमें बगुले रहते हैं। चलते समय वे अपने गहरे पद निशान अंकित करते हैं।

## "जल ही जीवन है"

उ-यह प्रश्न "जल ही जीवन है" पाठ से दिया गया है।

| | |
|---|---|
| पाठ का नाम | : जल ही जीवन है। |
| कहानीकार | : श्री प्रकाश जी |
| रचनाएँ | : संचार माध्यमों के लिए विज्ञान |

★ जल ही जीवन है। अर्थात "पानी ही सब कुछ है।" पानी के बिना प्राणी नहीं रह सकते।

★ सर्वेक्षण में बताया गया कि - पृथ्वी पर निरंतर पानी की कमी होती जा रही है।

★ मानवाकृति अंतरिक्ष यात्रियों के ग्रह का पानी विषाणुओं के कारण जहरीला हो गया था।

★ अपने ग्रहवासियों को बचाने के लिए वे पृथ्वी से जल ले जाने के उद्देश्य से यहाँ आए थे।

## धरती के सवाल अंतरिक्ष के जवाब

उ-यह प्रश्न "धरती के सवाल अंतरिक्ष के जवाब पाठ से दिया

| | |
|---|---|
| पाठ का नाम | :धरती के सवाल अंतरिक्ष के जवाब |
| विधा | : साक्षात्कार |
| विशेष | : अब्दुल कलाम, टेसी थॉमस के साक्षात्कार |

★ इस पाठ में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम जी तथा उनकी शिष्या टेसी थॉमस के विचारों का वर्णन किया गया है।

★ कलाम जी के अनुसार आदर्श छात्र के गुण ये हैं-
- बच्चे - अपने प्रति ईमानदार और दूसरों के प्रति आदर होना चाहिए।
- भ्रष्टाचार मुफ्त रहना और परिश्रमी बनना है।
-सत्य का पालन, कानून का सम्मान करना चाहिए तथा अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए।

★ टेसी थॉमस विद्यार्थियों को यह संदेश देती हैं कि-
- वे मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य निर्धारित करें।
- तथा देश के विकास में योगदान दें।

प्रश्न संख्या : 11 - अ, आ (उपवाचक के प्रश्न) 4M

**11.निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर चार वाक्यों में लिखिए।** 4 M

**"दो कलाकार"**

उ- यह प्रश्न "दो कलाकार" पाठ से दिया गया है। कहानीकार - मन्नू भंडारी जी है।

★ अरुणा और चित्रा सहेलियाँ हैं।

★ चित्रा ललितकला प्रेमी है। चित्रा के उद्देश्य में कला कला के लिए है, न कि जीवन के लिए।

★ अरुणा उपयोगी कला प्रेमी है। अरुणा के उद्देश्य में कला जीवन के लिए है, न कि मात्र कला के लिए।

★ अरुणा मदर तेरेसा की तरह ममतामयी और करुणामयी है। वह अनाथों की नाथ है।

★ चित्रा विदेश जाकर अपनी चित्रकला को निखारती है और प्रसिद्धि प्राप्त करती है।

हमारी हिंदी